ओ खाटू वाले श्यामा,
मुझे तेरा एक सहारा,
मेरे कष्ट हरो श्री श्याम जी,
मैं बालक हूँ दुखियारा,
मैं बालक हूँ दुखियारा।।

मेरी जीवन नैया भव में,
डग मग हिचकोले खाए,
है तुझ बिन कौन बता श्याम,
जो मुझको पार लगाए,
हो जाए दया गर तेरी,
पा जाऊं मैं तो किनारा,
मेरे कष्ट हरो श्री श्याम जी,
मैं बालक हूँ दुखियारा,
मैं बालक हूँ दुखियारा।।

मैं कबसे भटक रहा हूँ,
है कौन जो मुझको संभाले,
मुझे एक भरोसा तेरा,
श्याम तू ही गले से लगा ले,
दे दे चरणों में शरण तो,
हो जाए मेरा गुजारा,
मेरे कष्ट हरो श्री श्याम जी,
मैं बालक हूँ दुखियारा,
मैं बालक हूँ दुखियारा।।

आ बाहें थाम ले मेरी,
मुझको भक्ति सिखला दे,
ना जानू मंत्र ना पूजा,
हे श्यामा तू ही बता दे,
मुझे भुला ना देना बाबा,
बेटा हूँ मैं तो तुम्हारा,
मेरे कष्ट हरो श्री श्याम जी,
मैं बालक हूँ दुखियारा,
मैं बालक हूँ दुखियारा।।

ओ खाटू वाले श्यामा,
मुझे तेरा एक सहारा,
मेरे कष्ट हरो श्री श्याम जी,
मैं बालक हूँ दुखियारा,
मैं बालक हूँ दुखियारा।।

गायक अक्षित मित्तल।

Source:
https://www.bharattemples.com/o-khatu-wale-shyama-mujhe-tera-ek-sahara/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw